दुर्ग भिलाई में नकली पनीर की फैक्ट्री का खुलासा, प्रशासन, सांसद ने कही कार्रवाई की बात

दुर्ग: कुम्हारी अहिवारा मार्ग पर नकली पनीर बनाने की एक फैक्ट्री का खुलासा हुआ है. इस फैक्ट्री में पाम ऑयल, दूध पावडर के साथ एसेंस का इस्तेमाल कर नकली पनीर बनाया जा रहा है. इस नकली पनीर को प्रदेश के कई शहरों में बड़ी मात्रा में खपाया जा रहा था. इस खुलासे के बाद SDM, तहसीलदार के साथ ही कुम्हारी थाना की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की.

भिलाई में नकली पनीर फैक्ट्री: कुम्हारी अहिवारा मार्ग में यह फैक्ट्री लंबे समय से संचालित थी. जिसकी भनक प्रशासन के अधिकारियों को भी नहीं थी. पनीर फैक्ट्री में काम करने वाले मजदूरों ने बताया कि स्किम्ड मिल्क पाउडर, पॉम ऑयल, तेल और कैमिकल मिलकर पनीर तैयार किया जाता है. इस फैक्ट्री में हर रोज 100 से 150 किलो पनीर तैयार किया जाता है. जिसे रायपुर, दुर्ग समेत अन्य जिलों में सप्लाई की जाती है.

Source: https://www.etvbharat.com/hi/!state/nakali-paneer-factory-in-durg-bhilai-making-paneer-by-mixing-chemicals-in-palm-oil-and-milk-powder-chhattisgarh-news-cts24111501997